प्रतिक्रिया | कोई बोला विकास, विजन-अर्थव्यवस्था का प्रलेख, तो किसी ने बताया फर्जी दस्तावेज, बजट पर मिलीजुली प्रतिक्रियाएं, कहीं सराहना तो कहीं निराशा

# भाजपा ने कहा नई ऊंचाईयां छूने के साथ भरेंगे विकास की उड़ान, कांग्रेसी बोले आर्थिक इमरजेंसी लगे

**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अपना बजट पेश कर दिया है। जिसको लेकर मिलीजुली प्रतिक्रियाएं सामने आई। कहीं कोई सराहना कर रहा है तो कहीं निराशा देखी गई। भाजना ने जहां बजट को विकास, विजन-अर्थव्यवस्था का प्रलेख बताया तो कांग्रेस इसे फर्जी दस्तावेज बताते हुए आर्थिक इमरजेंसी लगाने की मांग कर रही है। बजट को लेकर भाजपाईयों ने कहा कि यह बजट विकास और जनकल्याण का संतुलित एवं दूरदर्शी दस्तावेज है, जिससे जबलपुर सहित समूचे महाकौशल




क्षेत्र को नई ऊर्जा और गति प्राप्त होगी। यह बजट जबलपुर को शिक्षा, स्वास्थ्य और औद्योगिक विकास के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। विकसित मध्यप्रदेश के संकल्प को साकार करने के साथ जनकल्याण को नई ऊंचाई देगा। विकास को पंख लगेंगे। वहीं कांग्रेसियों ने कहा कि बजट फर्जी दस्तावेज, आंकाड़ों की हेराफेरी, लुभावने वादे है। देश के प्रधानमंत्री से प्रदेश में आर्थिक इमरजेंसी लगाने की माँग कांग्रेसियों नेकी है उनका कहना है कि हर नागरिक कर्ज तले दबाया जा रहा है। रोजगान नहीं है। बजट खराब है। आम नागरिकों ने बजट को महंगे-रस्ते के चश्में से देखा। इस बजट में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत जबलपुर जिले के लिए कुल 34 निर्माण कार्यों को सम्मिलित किया गया है, जिनकी कुल स्वीकृत लागत 382 करोड़ है।


## जिले को ये सौगातें मिलीं

भेड़ाघाट विकासित होगा। इसके अलावा महागवा-चरगवा-शहपुरा-पाटन-पौड़ी-कटंगी-मझौली मार्ग का है, जिसकी कुल लंबाई 102 किलोमीटर है एवं इसकी लागत 200 करोड़ है। यह मार्ग क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करते हुए ग्रामीण और अर्द्धशहरी क्षेत्रों को मुख्य परिवहन नेटवर्क से जोड़ेगा, जिससे व्यापार, कृषि परिवहन और आवागमन को नई गति मिलेगी। इसी प्रकार सिहोरा-मझौली-कटाप-गुबरा-तीरहा मार्ग के निर्माण को भी सम्मिलित किया गया है। 34 किलोमीटर लंबाई वाले इस मार्ग पर 75 करोड़ की लागत से कार्य किया जाएगा। शहरी क्षेत्र में भी अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण को प्राथमिकता दी गई है। मेहता पंप से अग्रसेन चौक होते हुए उखरी चौक तक तथा एकता चौक से अहिंसा चौक तक सीसी रोड निर्माण कार्य को भी सामिलित किया गया है, जिसकी कुल लागत 17 करोड़ है। ग्राम छपरी भर्रा से सिमरिया तक 1.50 किमी लंबाई का सड़क निर्माण कार्य 1.50 करोड़ की लागत से किया जाएगा। ग्राम मड़ोद से मुडिया मार्ग तक 1.10 किमी लंबाई की सड़क का निर्माण 1.50 करोड़ की लागत से किया जाएगा। मुडिया से सीगनतलाई तक 2.00 किमी लंबी सड़क का निर्माण कार्य 2.00 करोड़ की लागत से किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, जबलपुर जिले के कई महत्वपूर्ण मार्गों को हाइब्रिड एन्युटी मॉडल पर निर्मित करने बजट में सम्मिलित किया गया है।

## इन्होंने कहा ..



पूर्व महापौर प्रभात साहू ने कहा यह बजट विकास और जनकल्याण का संतुलित एवं दूरदर्शी दस्तावेज है, जिससे जबलपुर सहित समूचे महाकौशल क्षेत्र को नई ऊर्जा और गति प्राप्त होगी।



अखिल मिश्र, जनरल सेक्रेटरी महाकोशल चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री, जबलपुर ने कहा कि व्यापारी कल्याण कोष की घोषणा बजट में नहीं होने से निराशा जरूर है। यह बजट पंख देने वाला है।



जबलपुर चेम्बर ऑफकॉमर्स के रवि गुप्ता अध्यक्ष ने कहा कि बजट प्रदेश के आर्थिक एवं औद्योगिक विकास क्रम को प्रोत्साहित करेगा 7 रोजगार सृजन को प्राथमिकता देते हुए उद्योग अनुकूल सरल प्रक्रिया, पारदर्शी नीतियों से हमारा मध्यप्रदेश निवेश का पसंदीदा स्थान होगा।



फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के उपाध्यक्ष हिमांशु खरे ने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट व्यापार एवं एमएसएमई क्षेत्र के लिए प्रत्यक्ष प्रोत्साहन उपायों की अपेक्षा अधूरा प्रतीत हो रहा है।




इंजी. के के अग्रवाल, अध्यक्ष, भारत कृषक समाज, महाकौशल म.प्र ने कहा कि बजट में कृषि तथा सम्बद्ध क्षेत्र के लिए आबंटन में विगत वर्ष की तुलना में 2.8 गुने की बृद्धि किसानों के लिए सरकार द्वारा इस वर्ष घोषित कृषक कल्याण वर्ष में बेहद महत्वपूर्ण है। उम्मीद है विभागो द्वारा हमेशा जो बजट की कमी का जो रोना रोया जाता है, उसमें कमी आएगी।




भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल ने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को साकार करने वाला है।

## भाजपाईयों का कहना




विकसित मध्यप्रदेश की दिशा में ऐतिहासिक बजट है। जबलपुर जिले में इन 34 निर्माण कार्यों के माध्यम से न केवल सड़क नेटवर्क का विस्तार होगा, बल्कि निर्माण गतिविधियों से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

**राकेश सिंह, लोक निर्माण मंत्री**



बजट में हर वर्ग के लिए स्पष्ट खाका तय है जिससे यह बजट आकांक्षाओं को पूर्ण करने वाला बजट है। मध्य प्रदेश अग्रिम पायदान पर पहुंचने के लिए तैयार है और सरकार हर वर्ग की बेहतरी के लिए मजबूत कदम उठा रही है।

**आशीष दुबे, जबलपुर संसदीय क्षेत्र**



बजट विकास, विजन और अर्थव्यवस्था का प्रलेख है। साथ ही जबलपुर में पर्यटन को बढ़ावा देने की दृष्टि से भेड़ाघाट पर्यटन स्थल को विकसित करने के प्रावधान के लिए भी आभार व्यक्त करता हूं।

**अशोक रोहाणी, विधायक, भाजपा**



इस बजट के जरिए किसान, महिला, युवा और गरीब-सभी वर्गों का ध्यान रखा है, बेरोजगारी को दूर करने और युवाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सरकार ने इस बजट में सरकारी भर्तियों का पिटारा खोल दिया है।

**अभिलाष पांडे, विधायक**



यह बजट विकसित भारत के विजन और केंद्र सरकार से निरंतर प्राप्त सहयोग के साथ पूरी तरह समन्वित है। लगातार तीसरी बार सरकार ने कोई भी टैक्स नहीं बढ़ाया है।अन्नदाताओं को ऊर्जा में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रावधान किए गए है।

**सुमित्रा वाल्मीक, राज्यसभा सांसद**



बजट विकसित मध्यप्रदेश के संकल्प को साकार करने के साथ जनकल्याण को नई ऊंचाई देगा। विकास को पंख लगेंगे।मध्यप्रदेश सरकार का बजट समग्र विकास व सुदृढ़ अर्थव्यवस्था का दृष्टिपत्र है।

**रत्नेश सोनकर, भाजपा जिला अध्यक्ष**

## कांग्रेसियों ने कहा



प्रदेश सरकार के बजट में ऋण की राशि बजट से ज्यादा है, सभी योजनाओं को संचालित करने ऋण लिया जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री से प्रदेश में आर्थिक इमरजेंसी लगाने की माँग मैं करता हूँ। हर नागरिक कर्ज तले दबाया जा रहा है।

**सौरभ नाटी शर्मा**
**अध्यक्ष , शहर कांग्रेस**



बजट आंकड़ों की हेराफेरी है। कर्ज में डूबी मप्र सरकार को कर्ज चुकाने के लिए भी कर्जा लेना पड़ रहा है। बजट महज लुभावने वादे जैसा है। सरकार योजनाएं शुरू करती है लेकिन इन्हें चलाने के लिए फंड नहीं होता है।

**यश घनघोरिया, युवा कांग्रेस, प्रदेश अध्यक्ष**



बजट फर्जी दस्तावेज है। बजट जीरो है। सरकार पर बजट से ज्यादा कर्जा है। प्रदेश कर्ज में डूब रहा है।जनता पर महंगाई की मार है ।आंकड़े बताते है कि बजट फर्जी दस्तावेज है।

**दिनेश यादव, कांग्रेस नेता**

## एक नजर में



### फेडरेशन ने मनाया राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रेड्डी का जन्मदिन

**नवभारत,जबलपुर।** इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस (इंटक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद डॉ. जी. संजीवा रेड्डी के जन्मदिन पर मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन जबलपुर द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। महामंत्री राकेश डी.पी. पाठक ने कहा कि डॉ. रेड्डी श्रमिकों, कर्मचारियों एवं कामगारों के अधिकार, सामाजिक सुरक्षा और श्रम कानूनों के मुद्दों पर मुखरता से आवाज उठाते रहे हैं। नई श्रम संहिता, निजीकरण और पुरानी पेंशन जैसे मुद्दों पर उन्होंने प्रमुखता से संघर्ष किया है। कार्यक्रम में दिनेश दुबे, अनूप वर्मा, उमाशंकर दुबे सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। फेडरेशन ने उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।



### रमजान माह में की जाए समुचित व्यवस्था

**नवभारत,जबलपुर।** पवित्र रमजान शरीफ माह में व्यवस्था के लिए कांग्रेस पार्षद दल ने निगमायुक्त को पत्र सौंपा ।पत्र में कांग्रेस पार्षद दल द्वारा की गई मांगों में मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में 10 सफाई की अतिरिक्त व्यवस्था करने, प्रत्येक वार्ड में दूसरे टाईम अतिरिक्त कचरा गाड़ी से कचरा उठाए जाने, हर वार्ड में 10-10 लाईटें देने, प्रमुख सड़कों की सफाई नाईट शिफ्ट में करने, मस्जिदों के आसपास के गड्डों का डामलीकरण करने और जल सप्लाई का समय बदलकर एक माह के लिए 5.30 बजे करने की बात शामिल रही। नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नबी ने बताया कि 18 फरवरी से मुस्लिम समुदाय का पवित्र पर्व रमजान शरीफ शुरू हो गया है जो एक माह तक चलेगा और ऐसे में मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में समुचित व्यवस्थाएं की जाना बहुत आवश्यक है। पत्र सौंपते समय नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नबी, पार्षद अंख्तर अंसारी, मुकीमा याकूब अंसारी, वकील अहमद अंसारी, मोहम्मद कलीम खान, गुलाम हुसैन, प्रमोद पटेल उपस्थित रहे ।



### बहुजन चेतना विकास मोर्चा ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत,जबलपुर।** बहुजन चेतना विकास मोर्चा ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जिले में एकत्रित डिस्ट्रिक्ट माइनिंग फंड (डीएमएफ) की राशि के उपयोग और ग्राम मानेगाँव, ब्लॉक-चरगवां में हो रही अनियमित माइनिंग पर गंभीर सवाल उठाए हैं। प्रदेश अध्यक्ष राधे श्याम मेहरा ने ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि डीएमएफ के तहत प्राप्त राशि का उपयोग खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास के बजाय कलेक्टर कार्यालय भवन और कार्यालयीन उन्नयन में किया गया है, जो नियमों के विपरीत है। मेहरा ने बताया कि जिले की सबसे बड़ी गिट्टी खदानें ग्राम मानेगाँव और आसपास के क्षेत्रों में संचालित हैं, जहां लगातार हो रहे अनियंत्रित विस्फोटों से आदिवासी परिवारों के मकानों को नुकसान पहुंच रहा है। भारी वाहनों की आवाजाही से सड़कों की हालत खराब हो रही है, वहीं खनन और परिवहन से उड़ने वाली धूल के कारण ग्रामीणों की फसलें प्रभावित हो रही हैं। स्थानीय लोगों में श्वास एवं फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों के बढ़ने की भी शिकायत की गई है। उन्होंने कहा कि ग्राम मानेगाँव, ब्लॉक-चरगवां क्षेत्र में अवैध एवं अनियंत्रित खनन और सतत विस्फोटों पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए।



## ट्रांसपोर्ट नगर के लीज नवीनीकरण के कार्यो में आयेगी तेजी : निगमायुक्त

**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर के चंडालभाटा ट्रांसपोर्ट नगर के व्यापारियों को बहुत शीघ्र ही लीज नवीनीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ कर राहत प्रदान करने के संबंध में निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के द्वारा संपदा विभाग के अधिकारियों को समक्ष में बुलाकर निर्देश प्रदान किये गए हैं। निगमायुक्त ने ट्रांसपोर्ट नगर के व्यापारियों एवं लीजधारकों से भी चर्चा की और अधिकारियों को निर्देशित किया कि लीज नवीनीकरण की प्रारंभिक एवं वैधानिक प्रक्रिया का पालन करते हुए शीघ्रता के साथ फाइल तैयार कर नवीनीकरण के लिए प्रस्तुत करें।

जानकारी के अनुसार बुधवार को निगमायुक्त और ट्रांसपोर्ट नगर के व्यापारियों के बीच एक सार्थक बैठक हुई। बैठक में व्यापारियों ने लीज नवीनीकरण में आ रही तकनीकी पहलुओं से निगमायुक्त को अवगत कराया। निगमायुक्त ने व्यापारियों के विषयों के संबंध में सुनवाई की और त्वरित निराकरण कराने का आश्वासन भी दिया। निगमायुक्त ने सम्पदा विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। प्रकरणों का सूक्ष्म परीक्षण कर लीज से जुड़ी फाइलों का बारीकी से अध्ययन कर निराकरण किया जाये। व्यापारियों को प्रक्रिया के दौरान किसी भी तरह की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखने संपदा विभाग के अधिकारियों को निगमायुक्त द्वारा कहा गया। बैठक के दौरान अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी, संपदा अधिकारी शिवांगी महाजन के साथ चंडाल भाटा ट्रांसपोर्ट नगर के व्यापारीगण भी उपस्थित रहे।

## 22 को पांच स्थानों पर चलेगा सफाई अभियान

**नवभारत,जबलपुर।** संत निरंकारी मिशन द्वारा 'प्रोजेक्ट अमृत' के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' अभियान का चौथा चरण 22 फरवरी को प्रात: 8 से 11 बजे तक देशभर के 1500 से अधिक स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। माता सुदीक्षा महाराज के निर्देशन में आयोजित इस अभियान की जानकारी देते हुए जोगिंदर सुखीजा ने बताया कि जबलपुर में गौरीघाट (नर्मदा तट), तिलवारा घाट, हनुमानताल, महाराजपुर तालाब (अधारताल-पनागर) एवं मानेगांव तालाब में पाँच टीमों द्वारा सफाई कार्य किया जाएगा। प्रत्येक स्थान पर 100 से अधिक सेवादार भाग लेंगे। प्रेस एवं मीडिया इंचार्ज सोहन अहूजा ने बताया कि अभियान के माध्यम से जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाई जा रही है।



## कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**नवभारत,जबलपुर।** पूर्व विधानसभा क्षेत्र के रामलीला मैदान, बाई का बगीचा घमापुर में 18 से 24 फरवरी तक श्रीमद् भागवत कथा मनोकामना ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा के पहले दिन बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आज से कथा का वाचन पंडित अभिषेक चौबे एवं अभिरामदास महाराज द्वारा किया जायेगा। आयोजक समिति सनातनी हिंदू धर्म रक्षक संगठन के अनुसार कथा में कपिल मुनि अवतार, ध्रुव चरित्र, कृष्ण जन्मोत्सव, महारास, सुदामा चरित्र सहित विभिन्न प्रसंगों का वर्णन होगा। 25 फरवरी को कन्या भोज, हवन एवं विशाल भंडारे के साथ समापन होगा।



## ब्लैक स्पॉट देखने पहुंचे कलेक्टर-एसपी

**निरीक्षण कर दुर्घटनाएं रोकने अधिकारियों को दिये निर्देश**

**नवभारत, जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने संबंधित अधिकारियों के साथ जिले के ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण कर सड़क सुरक्षा के लिए आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने पनागर के पास कुश्नेर तिराहा और बम्हनौदा बाईपास का स्थल निरीक्षण कर एनएचएआई के अधिकारी अमृत साहू को सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि एनएचएआई में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर संकेतक, ब्लिंकर्स, रिफ्लेक्टर्स और प्री-फेब्रिकेटेड डिवाइडर लगाये जायें, डिवाइडर की रंगाई-पुताई व प्रकाश की समुचित व्यवस्था करें। साथ ही जहाँ आवश्यकता हो वहाँ सर्विस रोड भी बनायें। इस दौरान एसडीएम अभिषेक सिंह एवं सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## नृसिंह मंदिर में नि :शुल्क नेत्र शिविर 22 को

**नवभारत,जबलपुर।** साकेतवासी



रामचन्द्रदास शास्त्री की पुण्य स्मृति में वर्ष 2005 से आयोजित विशाल नि:शुल्क नेत्र शिविर का 22वां आयोजन 22 फरवरी को प्रात: 9 से 2 बजे तक नृसिंह मंदिर में होगा। यह शिविर डॉ स्वामी श्यामदेवाचार्य महाराज की सूक्ष्म उपस्थिति में, अमेरिका निवासी ठाकुर हरकेश सिंह के सौजन्य से तथा डॉ स्वामी नृसिंहदेवाचार्य जी महाराज के संरक्षण में आयोजित होगा। जनज्योति नेत्र चिकित्सालय के संचालक डॉ पवन स्थापक एवं उनकी टीम द्वारा जांच एवं कैटरेक्ट ऑपरेशन नि:शुल्क किए जाएंगे। आयोजन समिति ने नागरिकों से शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

## सामान्य सभा में बरगी नहर टूटने का मुद्दा गरमाया



**जिला पंचायत सीईओ ने इंजी. को लगाई फटकार, सदस्यों ने रखा निंदा प्रस्ताव**

**नवभारत,जबलपुर।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में बरगी की नहर टूटने का मुद्दा जोरदार तरीके से उठा। बैठक के दौरान नहर विभाग के इंजीनियर प्रदीप जैन के खिलाफ जिला पंचायत सदस्यों ने कड़ा रुख अपनाते हुए निंदा प्रस्ताव रखा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत ने इंजीनियर प्रदीप जैन को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने नाराजगी जताते हुए सवाल किया, 'कब से नौकरी कर रहे हो और काम की यह स्थिति क्यों है' सीईओ के तीखे तेवरों से बैठक का माहौल कुछ समय के लिए गरमा गया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष आशा गोंटिया, उपाध्यक्ष विवेक पटेल सहित सभी जिला पंचायत सदस्य एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

सदस्यों ने बरगी नहर में हुई क्षति और विभागीय लापरवाही पर चिंता व्यक्त की तथा जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। बैठक में अन्य विकास कार्यों और प्रशासनिक मुद्दों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

बैठक | कलेक्टर ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा

## प्रत्येक घर में चालू स्थिति में नल कनेक्शन कराएं : कलेक्टर



**नवभारत,जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के कार्यों के प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में विकासखंडवार एकल ग्राम नल-जल योजना की विस्तृत समीक्षा कर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि निर्धारित लक्ष्य अनुसार कार्य को पूरा करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घर में चालू स्थिति में नल कनेक्शन कराने का कार्य नियमित रूप से जारी रखें। इसके अलावा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जहां कहीं डेमेज कनेक्शन है या लीकेज है उसे ठीक कराएं। बैठक में प्रगतिरत समूह जल प्रदाय योजना के कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी की गई। साथ ही अधिकारियों को लक्ष्य अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए गए ताकि जल जीवन मिशन के उद्देश्यों को पूरा किया जा सके। जल जीवन मिशन के कार्य में आ रही बाधाओं को दूर करने क लिए अंतर्विभागीय समन्वय भी की गई, जिसमें पीडब्ल्यूडी, एमपीआरडीसी और फॉरेस्ट विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे।

### पाईपलाईन बिछाने के बाद सड़कों का सुधार करें

बैठक में कहा गया कि जहां कहीं भी पाइपलाईन बिछाने में दिक्कत आ रही है वहां संबंधित अधिकारी से समन्वय करें और पाइपलाईन बिछायें और पाईपलाईन बिछाने के बाद पहले की भांति सड़कों का सुधार भी करें। बैठक में जल निगम व लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई और निर्देशित किया गया कि लक्ष्य अनुसार हर घर में नल द्वारा पानी पहुंचायें। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।



## अजय बने पूर्व क्षेत्र कंपनी के नए प्रबंध संचालक

**नवभारत,जबलपुर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (2009 बैच) के अधिकारी अजय गुप्ता ने मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के प्रबंध संचालक का कार्यभार ग्रहण कर लिया है । कार्यभार संभालने के पश्चात श्री गुप्ता ने कहा कि कंपनी का मुख्य उद्देश्य पूर्व क्षेत्र के सभी जिलों में निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण एवं विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उपभोक्ता सेवाओं को अधिक सरल, पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाने के लिए प्रशासनिक एवं तकनीकी स्तर पर आवश्यक सुधार किए जाएंगे । श्री गुप्ता ने कहा कि आरडीएसएस सहित अन्य तकनीकी उन्ययन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से विद्युत अद्योसंरचना का आधुनिकीकरण किया जायेगा। एआई/एमएल आधारित प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग से हर कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और समयसीमा पर रियल-टाइम नजर रखी जाएगी, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और ठेकेदारों व फील्ड स्टाफ की समस्याओं का त्वरित समाधान होगा। श्री गुप्ता ने कहा कि उपभोक्ता, ठेकेदार, कर्मचारियों एवं अन्य हितधारकों के लिए पारदर्शी, जवाबदेह, फीडबैक एवं शिकायत निवारण प्रणाली को सुदृढ़ करने का आश्वासन दिया है